Ans. (a) – कुंवर प्रताप सिंह बारहठ का जन्म 24 मई, 1893 को उदयपुर में हुआ था। इनके पिता केसरी सिंह एवं चाचा जोरावर सिंह प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। इन्होने वर्ष 1912 में वायसराय लार्ड हांर्डिग पर बम फेंका था। बनारस षड्यंत्र के तहत इन्हे गिरफ्तार कर लिया गया था और सन् 1916 में इन्हे 5वर्ष का सश्रम कारावास हुआ, यहाँ उन्हे कई तरह की अमानवीय यातनाएँ दी गई। 7 मई 1918 को कठोर यातनाओं के कारण इनका निधन हो गया।

558. राजपूताना-मध्य भारत सभा का प्रथम अधिवेशन सन् 1919 में कहां हुआ था?

(a) दिल्ली (b) अजमेर
(c) इन्दौर (d) उदयपुर

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — राजपूताना-मध्य भारत सभा का प्रथम अधिवेशन सन् 1918 में दिल्ली में आयोजित हुआ था तथा दूसरा अधिवेशन 1919 में अमृतसर में आयोजित हुआ था।

559. राजस्थान में ब्रिटिशों ने शासक हरवक्शपाल सिंह के साथ कहाँ पर संधि की?

(a) सिरोही (b) बूँदी
(c) बीकानेर (d) करौली

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (d) – राजस्थान में ब्रिटिश शासकों ने हरबक्षपाल सिंह के साथ करौली में संधि की थी। राजस्थान में अधीनस्थ पार्थक्य की नीति को स्वीकार करने वाली पहली रियासत करौली थी। इस समय करौली का शासक हरबक्षपाल सिंह था।

560. 1925 में, ''अखिल भारतीय जाट महासभा'' का अधिवेशन आयोजित हुआ-

(a) सीकर- कूदन (b) चूरू - मलसीसर
(c) जयपुर- चोमू (d) अजमेर - पुष्कर

RPSC-2022

Ans. (d) : 1925 में अखिल भारतीय जाट महासभा का अधिवेशन पुष्कर अजमेर में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भरतपुर के महाराजा श्री कृष्ण सिंह ने की थी।

561. 'गंगनहर' जिसे महाराजा गंगासिंह ने बनवायी थी, किस वर्ष बनवायी गयी थी?

(a) 1932 (b) 1927
(c) 1930 (d) 1937

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (b) – गंगनहर की आधारशिला फिरोजपुर हेडबाक्स पर 5 सितम्बर 1921 को बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह द्वारा की गई। 26 अक्टूबर 1927 को श्रीगंगानगर के शिवपुर हेडबाक्स पर इस नहर का उद्घाटन किया गया। यह नहर सतलुज नदी से पंजाब के फिरोजपुर के हुसैनीवाला से निकाली गयी है।

562. महाराजा तख्त सिंह (मारवाड़) के राज्याभिषेक के उत्सव में कौनसा पोलिटिकल एजेन्ट सम्मिलित है-

(a) लुडलो (b) आकअरलोनी
(c) अल्वेस (d) रॉस

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (a) महाराजा तख्त सिंह का जनम 6 जून 1819 को हिम्मतनगर, गुजरात में हुआ था। वह कर्ण सिंह के दूसरे पुत्र और हिम्मतनगर के महाराज, संग्राम सिंह के पोते थे। उनहोंने 1843 ई. में हिम्मतनगर को ब्रिटिश सरकार को सौंप दिया तथा बाद में वे जोधपुर (1843-73) के महाराजा बने। लार्ड लुडलो महाराजा तख्त सिंह के राज्याभिषेक में शामिल हुए थे।

563. मारवाड़ हितकारिणी सभा का गठन किसने किया-

(a) जयनारायण व्यास (b) भूप सिंह
(c) माणिक्य लाल वर्मा (d) सूरजमल

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (a) 'मरूधर हितकारिणी सभा' के नाम से चांदमल सुराणा ने 1918 में स्थापना की। जय नारायण व्यास द्वारा 1923 ई. में 'मारवाड़ हितकारिणी सभा' के नाम से इसका पुनर्गठन किया गया। इस सभा ने अपनी दो पुस्तकों प्रकाशित की ''मारवाड़ी की अवस्था'' और ''पोपाबाई की पोल''। इसके माध्यम से उन्होने मारवाड़ प्रशासन की कटु आलोचना की थी।

564. 'मारवाड़ सेवा संघ' की स्थापना 1920 में _____ ने की थी।

(a) जयनारायण व्यास (b) मोतीलाल तेजावत
(c) माणिक्य लाल वर्मा (d) केसरीसिंह बारहठ

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (a) : मारवाड़ सेवा संघ की स्थापना जय नारायण व्यास ने मारवाड़ की निरंकुश एवं भ्रष्ट शासन के विरूद्ध वर्ष 1920 में जोधपुर में की थी।

565. निम्न में से कौन सा कथन बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह के विषय में सत्य नहीं है?

(a) महाराजा गंगा सिंह 'नरेन्द्र मंडल' (भारतीय राजकुमारों का मण्डल) के प्रथम अध्यक्ष थे।
(b) 1930 ई. के प्रथम गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया था।
(c) उनके शासनकाल में 'गजशाही' सिक्के प्रारम्भ हुए।
(d) 1931 ई. में उन्होंने बीकानेर में 'प्रजा प्रतिनिधि सभा' की स्थापना की।

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : महाराजा गंगा सिंह ने 1913ई. में 'प्रजा प्रतिनिधि सभा' की स्थापना की। ये प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद पेरिस समझौते (वर्साय की संधि) पर हस्ताक्षर करने वाले राज्य के एकमात्र प्रतिनिधि थे। महाराजा गंगा सिंह 1921 से 1925 तक 'नरेन्द्र मंडल' (भारतीय राजकुमारों के मंडल) के प्रथम अध्यक्ष बने। 1930 ई. में बीकानेर रियासत के प्रतिनिधि के रूप में प्रथम गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया।

566. उस क्रांतिकारी महिला का नाम बताइये जिसने बिजौलिया किसान आन्दोलन में भाग लिया और उसे गिरफ्तार किया गया तथा 1930 के सत्याग्रह और 1932 के सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भाग लिया और जेल गई-

(a) रमा देवी (b) रतन शास्त्री
(c) अंजना देवी चौधरी (d) किशोरी देवी

RPSC RAS (Pre) 2021